51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 13.4°c | अधिकतम 29.6°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:32, सूर्यास्त : 6:25 | वर्ष : 51/ अंक : 70 | सोमवार, 13 मार्च 2023 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

भूमि और भाग्य का एक ही नियम है, जैसा बोओगे वैसा पाओगे, जो बोया होगा वही निकलेगा।

मेरी कब्र खोदने के सपने देखने में व्यस्त है कांग्रेस : मोदी

केवल कांग्रेस?.....

लापता युवक की हत्या कर शव बिटौड़े में जलाया

▶ शाहपुर में मामा के यहां रह रहा था 20 वर्षीय कुलदीप उर्फ दीपक ▶ शव मिलने के बाद हंगामा, दो दिन पूर्व फोन आने पर घर से गया था

खतौली, 12 मार्च (बु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर में अपने मामा के घर रहे दो दिनों से लापता हुए 20 वर्षीय युवक कुलदीप उर्फ दीपक का शव जलते हुए बिटौडे में मिलने की सूचना से परिजनों सहित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शान्त कर कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी कुलदीप उर्फ दीपक पुत्र सुभाष का शव अधजली अवस्था में अपने मकान से मात्र दो सौ मीटर दूर एक जलते हुए बिटौडे में उस समय मिला, जब ग्रामीणों ने गांव के बिटौडे में अचानक लगी भीषण आग को बुझाया। बताया जाता है कि गांव शाहपुर में अपने मामा के पास अपनी माता सहित रह रहा दीपक विगत दो दिन पूर्व सायंकाल घर से अचानक गायब हो गया था। परिजनों द्वारा लगातार तलाश करने के पश्चात भी जब दीपक का कोई सुराग नहीं लग पाया, तो परिजनों द्वारा गत दिवस उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। रविवार की सुबह लापता दीपक का शव बिटौड़े से उस समय मिला, जब ग्रामीणों द्वारा बिटौड़े में लगी आग को बुझाया गया था। बिटौडे में लापता बीस वर्षीय कुलदीप उर्फ दीपक का अधजला शव मिलने की सूचना से जहां उसके परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं यह बात गांव में जंगल की आग की तरह फैल गयी तथा घटना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गये। लापता युवक का शव गांव के बिटौडे में मिलने की सूचना मिलते ही सीओ डॉ. रवि शंकर व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान युवक की हत्या से आक्रोषित ग्रामीणों ने हत्यारों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस अधिकारियों द्वारा घण्टों प्रयास के बाद हंगामा कर रहे ग्रामीण को शांत कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। बताया जाता है कि मूल रूप से गांव तितरवाड़ा जनपद शामली निवासी कुलदीप उर्फ दीपक पुत्र सुभाष पारिवारिक अनबन के चलते अपनी माता के साथ गांव शाहपुर में अपने मामा के यहां रहता था, जहां से विगत दो दिन पूर्व दीपक अचानक गायब हो गया था। घटना की जानकारी पर एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया तथा अधिनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी पर बल दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि हत्यारों द्वारा दीपक की हत्या करने के पश्चात शव को बिटौड़े में रखकर सबूतों को मिटाने का प्रयास किया गया है। बताया जाता है कि मोबाईल पर आई कॉल के पश्चात विगत दो दिन पूर्व सायंकाल दीपक मामा के घर से जाने के बाद अचानक लापता हो गया था।



मृतक कुलदीप उर्फ दीपक का फाइल फोटो व विलाप करते परिजन

ऐसे कट रहे हैं चालान जैसे अंग्रेज वसूल रहे हों लगान

▶ आज फिर संघ के एक प्रचारक से बदसलूकी के बाद महावीर चौक पर जमा हुए भाजपाई, कहासुनी के बाद निपटा मामला

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु)। जनपद में वाहनों के चालान इस तरह से काटे जा रहे हैं जैसे अंग्रेजों का शासन आ गया हो और अंग्रेज आम जनता से लगान वसूल रहे हों। जी हां मुजफ्फरनगर जनपद में ऐसे ही नजारे रोज शाम को अलग-अलग चैराहों पर देखने को मिलते हैं। 20-20 पुलिसकर्मी दर्जनों वाहन चालकों को इस तरह से घेरकर खड़े हो जाते हैं जैसे किसी बड़े अपराधी की तलाश में पुलिस जुटी हो। ऐसा ही एक मामला दोपहर के समय महावीर चैक पर तब घटित हुआ, जब संघ के सम्मानित जिला प्रचारक को पुलिसकर्मियों ने घेर लिया। जिला प्रचारक ने अपनी पहचान बतानी चाही, तो उनसे ऐसा व्यवहार किया गया जैसे वे संघ के प्रचारकों को या उनकी गरिमा को जानते ही ना हो। उक्त मामले को मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा

अपनी सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया गया, तो बात मंत्री कपिलदेव अग्रवाल के कानों तक जा पहुंची और उन्होंने दरोगा को फटकार लगाते हुए अधिकारियों से दरोगा को तुरंत सस्पेंड करने की बात कही। शुरू में अधिकारी आना-कानी करने लगे, मगर सख्त लहजे में बात के बाद दरोगा जी को अपनी करनी का फल भुगतना ही पड़ा और रात होते-होते दरोगा के सस्पेंड होने की बात सामने आई। कुल मिलाकर हर बार अपनी इज्जत खराब कराने वाले भाजपाई इस बार अपनी साख बचाने में कामयाब दिखाई दिये, मगर आम जनता का अभी भी यही कहना है कि सरकार मानें या ना मानें नौकरशाही सरकार पर पूरी तरह हावी है और नियम और कानून के पहाड़े पढ़ाकर खुद भाजपाईयों का उत्पीड़न लगातार होता देखा जाता है। बड़े-बड़े नेताओं के कहने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन अपना टारगेट पूरा करने के नाम पर जनपद में पूरी अभद्रता दिखाकर चालान काट रही है। कुल मिलाकर देर रात जब यह समाचार भाजपा कार्यकताओं एवं संघ स्वयंसेवकों को मिला, तो उन्होंने राहत की सांस ली और कार्यकताओं के चेहरे पर खोई हुई रौनक वापस लौटी।

अतीक की फरार पत्नी पर 25 हजार का इनाम

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर 25 हजार का इनाम घोषित हुआ है। दरअसल, 11 मार्च को शाइस्ता का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसमें वह ढाई लाख के इनामी शूटर साबिर के साथ दिख रही है। साबिर वही शख्स है, जिसने कार में बैठे उमेश पाल के गनर को गोली मारी थी। इधर, अतीक अहमद को अहमदाबाद के साबरमती जेल से पूछताछ के लिए प्रयागराज लाया जा सकता है। पुलिस का मानना है कि अतीक ने हत्याकांड की पूरी रूपरेखा साबरमती जेल में ही बनाई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम और गुलाम को नामजद किया था। असद, गुड्डू मुस्लिम, अरमान, साबिर और गुलाम पर पहले ही ढाई-ढाई लाख रुपए का इनाम घोषित है।

अर्पित विजयवर्गीय बागपत एसपी बने, सत्यनारायण होंगे नए एसपी सिटी

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने देर रात 20 आईपीएस और सात पीपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। मुजफ्फरनगर के एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय को बागपत का एसपी बनाया गया है। उनके स्थान पर सत्यनारायण प्रजापति मुजफ्फरनगर के एसपी सिटी होंगे। देर रात जारी की गई सूची के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक और संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ पीयूष मोर्डिया को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। मेरठ के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार को

अयोध्या का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। आगरा के पुलिस महानिरीक्षक नचिकेता झा को मेरठ का नया आईजी बनाया गया है। अलीगढ़ के आईजी/ डीआईजी दीपक कुमार को आगरा का नया आईजी बनाया गया है। सुरेश राव के कुलकर्णी को अलीगढ़ का नया डीआईजी नियुक्त किया गया है। एसआईटी के डीआईजी अमित वर्मा को कानपुर का अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा वाराणसी के आईजी के सत्य नारायण को आईजी सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, बरेली के एसएसपी अखिलेश चौरसिया को डीआईजी वाराणसी, सीतापुर 11वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक प्रभाकर चौधरी को एसएसपी बरेली, नीरज कुमार जादोन एसपी बागपत को एसपी बिजनौर, बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह को गाजियाबाद कमिश्नर, बस्ती के एसपी आशीष श्रीवास्तव को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है, जबकि ललितपुर के एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी को एसपी बस्ती, प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त अभिषेक कुमार अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक ललितपुर, हमीरपुर के एसपी शुभम पटेल को डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध, दीक्षा शर्मा को गाजियाबाद कमिश्नरेट से पुलिस अधीक्षक हमीरपुर तथा सच्चिदानंद को एएसपी साईबर क्राईम लखनऊ से अपर पुलिस उपायुक्त अपराध कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है।

वहलना में नकली एग्रीकल्चर पाट्र्स बनाने वाली फैक्ट्रियों पर छापा

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। नामी कम्पनी के नाम पर नकली एग्रीकल्चर पाट्र्स बनाने वाली फैक्ट्रियों का खुलासा हुआ है। यह फैक्ट्री शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव वहलना में चल रही थी। पुलिस ने कम्पनी के अधिकारियों के साथ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में तैयार माल बरामद किया है। कंपनी के अधिकारियों की तहरीर पर पुलिस ने शक्तिमान ब्रांड की मोहर लगाकर रोटावेटर ब्लेड बनाने और बेचने वालों पर एफआईआर दर्ज की है।तीर्थ एग्रो टेक्नोलॉजी राजकोट गुजरात कंपनी के अधिकारी दीप्तोनील हाजरा ने शहर कोतवाली पुलिस को साथ लेकर वहलना में दो फैक्ट्रियों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान फैक्ट्रियों में तैयार रोटावेटर के ब्लेड पर कंपनी के शक्तिमान ब्रांड की मुहर पाई गई। कंपनी अधिकारी दीप्तोनील हाजरा ने बताया कि गांव वहलना के एएच स्टील से शक्तिमान कंपनी ब्रांड के नकली 370 रोटावेटर ब्लेड बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि वहलना की ग्रीन एग्रो फॉर्म्स पर भी छापेमारी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि छापेमारी से पहले ही वहां से शक्तिमान ब्रांड की डाई हटा ली गई थी। उन्होंने बताया कि वहां पर शक्तिमान की डाई लगी रोटावेटर की एक ब्लेड बरामद हुई। शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार रोटावेटर के ब्लेड पर फर्जी तरीके से शक्तिमान कंपनी का ब्रांड लगाने का मामला पाए जाने पर एएच स्टील के मालिक सलीम और उसके पिता इसरार चौधरी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ये वहलना के रहले वाले हैं। वहीं रामपुरी निवासी ग्रीन एग्रो के मालिक खालिद पर कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

यूपी में एच3एन2 इंफ्लूएंजा पर अलर्ट

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। प्रदेश में एच3एन2 इंफ्लूएंजा से बचाव के लिए सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। अस्पतालों में जरूरत के अनुसार इमरजेंसी में बेड बढ़ाने के साथ-साथ जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं लोगों से अपील की गई है कि वह मास्क लगाएं। इंफ्लूएंजा से घबराने की जरूरत नहीं है। सोमवार तक प्रदेश में विस्तृत गाइडलाइन अस्पतालों को जारी कर दी जाएंगी।

टोल के विवाद में भड़के बाराती, बूम बैरियर उठाकर खेत में फेंके

▶ हंगामे और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल ▶ टोल प्लाजा प्रबंधक ने 12 गाड़ियों के नम्बर देते हुए रोहाना चौकी पर दी तहरीर

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। रोहाना टोल प्लाजा पर रविवार को टोल के विवाद में बारातियों और टोल कर्मियों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं और हाथापाई हुई। आरोप है कि बारातियों ने टोल प्लाजा पर लगे बूम बैरियर उठाकर खेत में फेंक दिये। बाराती जाते समय वापस लौटकर इलाज करने की धमकी देकर चले गये। इस मामले में टोल प्लाजा के प्रबंधक की तरफ से 12 गाड़ियों के नम्बर देते हुए पुलिस चौकी में तहरीर दी गयी है। रोहाना टोल पर रविवार सुबह टोल के विवाद में बारातियों और टोल कर्मियों के बीच हाथापाई और मारपीट हो गई। बताया गया है कि बहेडी गांव की यह बारात देवबंद जा रही थी। 12-13 गाड़ियों में बाराती सवार थे। आरोप है कि टोल मांगने को लेकर विवाद शुरू हुआ। बारातियों का कहना था कि वो पास के गांव के निवासी हैं, ऐसे में टोल का कोई अर्थ नहीं बनता है, जबकि टोल कर्मी बारातियों से आधार कार्ड दिखाने को कह रहे थे। गाड़ियों से उतरे बारातियों और टोल कर्मियों में गाली गलौच के साथ हाथापाई हो गई। आरोप है कि बारातियों ने टोल प्लाजा पर लगे बूम बैरियर उठाकर खेत में फेंक दिये। हंगामे के चलते एक-एक कर बारात की तमाम गाड़ियां टोल प्लाजा को पार कर निकल गई। टोल प्लाजा पर हंगामे के बाद प्रबंधक सुनित सिंह के द्वारा रोहाना चौकी प्रभारी को तहरीर दी गई है। तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया कि 12 गाड़ियों में सवार अज्ञात लोगों ने टोल कर्मियों से मारपीट करते हुए सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया है। जाते समय बाराती वापसी में इलाज करने की धमकी दे गये हैं। सुनित सिंह का कहना था कि टोल मांगने पर आरोपियों ने खुद को बहेड़ी गांव के निवासी होना बताया, लेकिन आधार कार्ड मांगने पर उन्होंने बदतमीजी शुरू कर दी। बेरियर को उठाकर फेंक दिए और कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ ही सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसके बाद सभी कार सवार लोग बिना टोल दिए निकल गये। रोहाना टोल प्लाजा पर हुए हंगामे और बूम बैरियर फेंकने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हाथापाई के साथ कुछ लोग बैरियर उठाकर खेत में फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं, उधर पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि टोल प्लाजा पर आये दिन मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। फरवरी माह में भी बारातियों और टोल कर्मियों

खौफनाक घटना: कुत्तों ने दो सगे भाइयों को नोच-नोचकर मार डाला, शरीर के किए कई टुकड़े

नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसी)। दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पांच से छह लावारिश कुत्तों ने दो सगे भाइयों को नोच -नोच कर मार डाला। बड़े भाई को 2 दिन पहले नोचा था जबकि छोटे भाई को कुत्तों ने नोच- नोच कर रविवार को मार डाला।

बड़े भाई की उम्र 7 वर्ष और छोटे भाई की उम्र 5 वर्ष है। तीन भाइयों में दोनों सबसे छोटे भाई थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है। हालांकि बड़े भाई के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के शरीर पर कुत्तों के काटने के बहुत सारे निशान पाए गए हैं। शरीर के कई अंग करीब करीब अलग हो गए थे। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुषमा अपने 9 वर्षीय बड़े बेटे, 7 वर्षीय बेटे आनंद और 5 वर्षीय आदित्य के साथ सिंधी कैंप, वसंत कुंज इलाके में रहती है। बताया जा रहा है कि सुषमा का पति इलाहाबाद यूपी में रहता है। आनंद शुक्रवार को सुबह दस बजे

अपनी ताई के घर जाने के लिए निकला था। वह ताई के घर नहीं पहुंचा। दोपहर तीन बजे ताई सुषमा के पास पहुंची और बताया कि आनंद उसके पास नहीं पहुंचा है इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई । शाम 5:00 बजे आनंद का शव लहूलुहान अवस्था में एक प्लॉट पर पड़ा मिला। आनंद के शरीर पर कुत्तों के नाचने के निशान थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले का कोई गवाह नहीं है। पुलिस ने आनंद के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने कहा है कि आनंद के शरीर पर कुत्तों के नोचने के 20 से ज्यादा निशान पाए गए हैं। पुलिस ने आनंद के शव को परिजनों को सौंप दिया। परिवार इस दुख से उभरा भी नहीं था कि एक बार फिर रविवार को परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सबसे छोटा भाई आनंद सिंधी कैंप में ही रहने वाले चचेरे भाई के साथ सुबह शौच के लिए गया था। तभी पांच से छह कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। आदित्य की आवाज सुनकर उसका चचेरा भाई व पुलिस के एएसआई मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर आदित्य को स्पाइनल इंजरी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों को कहना है कि इस घटना का गवाह आदित्य का चचेरा भाई जो कि 24 वर्ष का है। वसंत कुंज थाना पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों को कहना है कि इस बच्चे के शरीर पर भी कुत्तों के नोचने के बहुत ज्यादा निशान हैं।

शर्मनाक: वृद्धाश्रम में बेटे का नाम जपती रहती मां, मरने पर आया साइन किए, बिना मुखाग्नि दिए लौट गया

आगरा। एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी बेटा छह साल पहले अपनी मां को वृद्ध आश्रम को अस्पताल बताकर छोड़ गया। बोला नोएडा में फ्लैट देखने जा रहा है। दो दिन बाद ले जाएगा। दो दिन बाद बेटे के आने इंतजार करती रही चंद्रकांता ने शनिवार को इस दुनिया से अलविदा हो गई। बेटे आया और कागजी कार्रवाई पूरी कर तुरंत ही लौट गया। उसने मां को मुखाग्नि देना भी उचित नहीं समझा। जिला स्थित रामलाल वृद्धाश्रम में छह साल से अपने बेटे का इंतजार कर रही मां की आंखें पथरा गईं। होली पर बेटे को पुकारते हुए आखिरकार मां दुनिया से रुखसत हो गई। मां की मौत की खबर पर भी बेटे का दिल नहीं पसीजा। होली मनाने के बाद वह आश्रम आया और अंतिम संस्कार की रस्में पूरी किए बिना ही चला गया। आश्रम वालों ने बुजुर्ग माता को अंतिम विदाई दी। आश्रम में साढ़े छह साल पहले करीब 75 साल की चंद्रकांता पहुंची थीं। बेटा गुरुद्वारा गुरु का ताल के पास छोड़कर चला गया था। आश्रम के अध्यक्ष शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि चंद्रकांता को कुछ लोग लेकर उनके पास आए थे। बेटे ने उनसे कहा था कि वह नोएडा में फ्लैट देखने जा रहा है। दो दिन बाद उन्हें आकर ले जाएगा। तभी से वृद्धा आश्रम में रहकर बेटे का इंतजार कर रही थी।



इस सप्ताह का राशिफल

13 मार्च से 19 मार्च 2023

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता
विमल जैन
एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरमान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजुबीर, वाराणसी-221002 (उ० प्र०)
मो० नं० : 09335414722

विमल जैन



चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ	नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका चरण 1234 1234 1

मेष– सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक समय विपरीत रहेगा। दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। धनागम में व्यवधान रहेगा। शारीरिक-मानसिक कष्ट होगा। शेष 19 मार्च तक समय लाभ में सहायक रहेगा। परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में रहेगी। विवाद के समापन में स्वजन एवं परिजन सहायक होंगे। पारस्परिक सम्बन्धों में अधिक प्रगाढ़ता रहेगी। मांगलिक आयोजन संपादित होगा। नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला सुलझने की ओर होगा। राजकीय पक्ष से लाभान्वित होंगे। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मनो-विनोद के अवसर सुलभ होंगे। बकाए धन की प्राप्ति होगी। पारिवारिक कठिनाइयों में कमी आयेगी। वरिष्ठजनों की सलाह समय पर काम आयेगी।

ई, उ, ए ओ, वा, वी वू, वे, वो	नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा चरण 234 1234 122

वृषभ-सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक योजना साकार होने को होगी। आत्मसंयम से कार्यसिद्धि होगी। धन संपत्ति विषयक मसला हल होने को होगा। सामाजिक क्रिया-कलापों के प्रति अभिरुचि रहेगी। संभावित यात्रा सुखद रहेगी। तदुपरान्त 17 के दिन 10/19 बजे तक समस्याओं से चिंतित रहेंगे। मित्रों से मनमुटाव रहेगा। बढ़ते हुए खर्च से परेशान रहेंगे। प्रतियोगिता के क्षेत्र में असफलता मिलेगी। किसी व्यक्ति विशेष से धोखा की आशंका रहेगी। व्यर्थ भ्रमण होगा। शेष 19 मार्च तक भाग्य साथ देगा। व्यावसायिक क्षेत्र में नव परिवर्तन होगा। आपसी संबंधों में ताल-मेल बना रहेगा। लाभ का सुयोग बनेगा। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। लाभ का सुअवसर प्राप्त होगा।



का, की, कू घ, ङ, छ के, को, हा	नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुर्नवसु चरण 34 1234 123

मिथुन- सप्ताह में 13 से 17 मार्च के दिन 10/19 बजे तक समय आशाजनक रहेगा। अभिलाषा की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। रचनात्मक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि रहेगी। मनो-विनोद के अवसर प्राप्त होंगे। तत्पश्चात् 19 के दिन 11/17 बजे तक निराशा प्रभावी रहेगी। व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु विचलित रहेंगे। मन अशांत रहेगा। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर रहेगा। अकल्पित भय बना रहेगा। आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष से चिंतित रहेंगे। शेष समय बेहतर रहेगा। सहयोगियों से विचार-विनियम होगा। शारीरिक-मानसिक सुख की अनुभूति होगी। विवाद के समापन में मित्र एवं परिजन सहायक होंगे। जीवन साथी से सामंजस्य रहेगा।

ही, हू, हे हो, डा, डी डू, डे, डो	नक्षत्र पुर्नवसु पुष्य आश्लेषा चरण 4 1234 1234

कर्क– सप्ताह में 13 से 19 मार्च के दिन 11/17 बजे तक ग्रहयोग अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक होगा। पूँजी का प्रतिफल आशानुकूल रहेगा। सामाजिक-राजनैतिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। अध्यात्म के प्रति आस्था बढ़ेगा। परोपकार की भावना जागृत होगी। विरोधियों का वर्चस्व कम होगा। मनो-विनोद के अवसर मिलेंगे। सुपरिचितों के माध्यम से पुरातन विवाद का समापन पक्ष में सुलझने को होगा। कठिनाइयों में कुछ कमी महसूस होगी। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। संत समागम होगा। शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी रहेंगी। व्यावसायिक अड़चनें रहेंगी।

मा, मी, मू मे, मो, टा टी, टू,ट	नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा. चरण 1234 1234 1

सिंह- सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक अभिलाषा की पूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। कार्यों में व्यवधान रहेगा। पारिवारिक-शारीरिक कष्ट होगा। प्रियजनों से कटुता उपस्थित होगी। पठन-पाठन में अभिरुचि रहेगी। यात्रा अकुशल रहेगा। शेष 19 मार्च तक अनुकूलता का मार्ग प्रशस्त होगा। किसी के माध्यम से आर्थिक-व्यावसायिक लाभ का सुयोग बनेगा। नवसम्पर्क से कुछेक मसला हल होने को होगा। कर्ज की निवृत्ति का प्रयास होगा। सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि रहेगी। हर्षोल्लास का वातावरण बनेगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता की स्थिति रहेगी। इच्छाशक्ति जागृत होगी। वैवाहिक अड़चनों का समापन होगा। भौतिक सुख के जरूरी साधन समय पर सुलभ हो जायेंगे।

टो, पा, पी पू, प, ण ठ, पे, पो	नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा चरण 234 1234 12

कन्या- सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक समय संतोषजनक रहेगा। आरोग्य सुख में वृद्धि होगी। नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत होगी। परिजनों-स्वजनों के माध्यम से कुछेक मसला सुलझेगा। अधिकारियों से सम्पर्क का सुपरिणाम मिलेगा। तत्पश्चात् 17 के दिन 10/19 बजे तक कार्यों में अवरोध उपस्थित होगा। आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में बाधा उत्पन्न होगी। दूसरों की भूल से स्वयं को हानि उठानी पड़ेगी। परिवार में आपसी मतभेद उजागर होंगे। व्यर्थ भ्रमण से कष्ट होगा। शेष 19 मार्च तक लाभ का सुयोग प्राप्त होगा। मनोबल में वृद्धि होगी। अधूरे कार्यों में सफलता हेतु प्रयास होगा। धर्म-अध्यात्म में रुचि रहेगी। नव समाचार से प्रसन्न रहेंगे। उत्सव में भाग लेने का सुयोग बनेगा।

रा, री, रू रे, रो, ता ती, तू, त	नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा चरण 34 1234 123

तुला- सप्ताह में 13 से 17 मार्च के दिन 10/19 बजे तक कुछेक कार्य बनने को होंगे। जटिल समस्याओं का समाधान होगा। किसी योजना की शुरूआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श होगा। नव समाचार से परिवार में खुशी रहेगी। धनागम भी होगा। तदनन्तर 19 के दिन 11/17 बजे तक प्रतिकूलता प्रभावी रहेगी। सुख-शांति का अभाव रहेगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। अकेलेपन की अनुभूति महसूस होगी। गलतफहमी के शिकार होंगे। दूर या समीप की यात्रा में परेशानी होगी। शेष समय शुभ रहेगा। आपसी संबंधों में मधुरता रहेगी। धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि रहेगी। विवादास्पद मसला सुलझने को होगा। यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मंगल आयोजन संपादित होगा। आश्वासन से मानसिक राहत मिलेगा।



तो, ना, नी नू, ने, नो या, यी, यू	नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा चरण 4 1234 1234

वृश्चिक– सप्ताह में 13 से 19 मार्च के दिन 11/17 बजे तक समय प्रगतिकारक रहेगा। आशाएँ फलीभूत होगी। कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर रहेगा। सामाजिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि रहेगी। समस्याओं में कमी आयेगी। परोपकार की भावना जागृत होगी। अधिकारी वर्ग से अनुकूलता की स्थिति रहेगी। आपकी सलाह दूरों को समय पर काम आयेगी। जीवन-साथी से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। मौज-मस्ती के निमित्त व्यय की अधिकता रहेगी। आहार-विहार में नवीनता की स्थिति रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आवागमन में अनुकूलता रहेगी। शेष समय में आशा निराशा में बदलेगी। पुरुषार्थ के प्रति अरुचि रहेगी।

ये, यो, भा भी, भू, धा फा, ढ़ा, ढ़े	नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा. चरण 1234 1234 1

धनु- सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक समस्या प्रभावी रहेगी। आर्थिक पक्ष में हानि की आशंका रहेगी। अशांति का माहौल रहेगा। दूसरों की भूल से स्वयं को कष्ट होगा। शेष 19 मार्च तक कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त होगा। इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित होगी। वाद-विवाद का समापन पक्ष में होगा। साहसिक प्रयास प्रगति पर होगा। पुरुषार्थ के प्रति रुचि रहेगी। आर्थिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान होगा। नौकरी में स्थानान्तरण संबंधी मसला सुलझने को होगी। सदविचारों का उदय होगा। पारिवारिक सदस्यों से गलतफहमियाँ दूर होने को होगी। जीवन साथी से सामंजस्य बना रहेगा। उत्सव का सुअवसर प्राप्त होगा।

भो, जा, जी खी, खू, खे खो, गा, गी	नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा चरण 234 1234 12

मकर- सप्ताह में 13 से 15 मार्च के दिन 7/34 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। पराक्रम से कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता रहेगी। नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत होगी। धन संचय की ओर प्रवृत्ति रहेगी। मान-सम्मान परक कृत्य सम्पन्न होगा। तदनन्तर 17 के दिन 10/19 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी रहेंगी। विचारित कार्यों में व्यवधान रहेगा। दूसरों की सलाह अमान्य साबित होगी। अकेलेपन की अनुभूति होगी। बात-बात पर क्रोध आयेगा। व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय। कष्ट होगा। शेष 19 मार्च तक परिस्थितियाँ सुधार पर होंगी। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क होगा। दाम्पत्य जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा। सुसंदेश की प्राप्ति से खुशी होगी। बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।

गू, गे, गो, सा, सी, सू से, सो, दा	नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा चरण 34 1234 123

कुंभ-सप्ताह में 13 से 17 मार्च के दिन 10/19 बजे तक समय अनुकूल रहेगा। नवीन योजना का शुभारम्भ होगा। व्यक्तिगत उलझनों से मुक्ति मिलेगी। महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि रहेगी। अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय करना पड़ेगा। दूर या समीप की यात्रा सुखद होगी। तदुपरान्त 19 के दिन 11/17 बजे तक परेशानी रहेगी। कार्यों के प्रति असंतोष रहेगा। शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। आरोप-प्रत्यारोप का सामना करना पड़ेगा। लाभ का मार्ग अवरुद्ध। सम्मान में कमी रहेगी। समय शुभ रहेगा। प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय। पठन-पाठन में रुचि। भाग्योन्नति के नवीन आयाम बनेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति चिंताएँ कुछ कम होगी।

दी, दू, थ, -ा, भ, दे, दो, चा, ची	नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती चरण 4 1234 1234

मीन- सप्ताह में 13 से 19 मार्च के दिन 11/17 बजे तक अनुकूलता रहेगी। आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सुधार पर होगा। प्रियजनों-मित्रों के माध्यम से किसी समस्या का संतोषजनक समाधान होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। निजी-जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ होंगे। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त होगा। आपसी तनाव में कुछ कमी महसूस होगी। विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश में असफल रहेंगे। सदविचारों से आत्मिक शांति मिलेगी। अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। शेष समय विपरीत रहेगा। आर्थिक पक्ष में हानि होगी।

व्रत-त्यौहार :-
बुधवार 15 मार्च-श्री शीतलाष्टमी व्रत।
शनिवार 18 मार्च-पाप मोचनी एकादशी व्रत (सबका)।
रविवार 19 मार्च-प्रदोष व्रत।

आस्था का उल्लास... बबरे वाली माता के मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, बैंड-बाजों की भजन धुन से भक्तिमय हुआ पूरा वातावरण

ध्वज यात्रा के साथ शीतला माता का मेला शुरू

सात दिनों तक मंदिर परिसर में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब, दूर-दूर तक हैं माता की प्रसिद्धि

मीरापुर, 12 मार्च (बु.सं.)। कस्बे के प्राचीन शीतला माता बबरे वाली के मंदिर में लगने वाले 7 दिवसीय मेले का ध्वज स्थापना के साथ शुभारंभ हो गया। कस्बे से मंदिर तक बैंड बाजों के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चें पैदल चलते हुए माता रानी के भजनों पर नाचते गाते मंदिर पहुँचे।

कस्बे से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित महाभारत कालीन शीतला माता बबरे वाली के मंदिर में मेले का शुभारंभ आज पारम्परिक व्यवस्था, आस्था और श्रद्धा के साथ हो गया। रविवार की सुबह मंदिर समिति के महामंत्री अनिरूद्ध शारदा के पड़ाव चौक स्थित आवास से माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना के बाद सर्वप्रथम ध्वज यात्रा शुरू हुई । बैंड बाजों से सुसज्जित ध्वज यात्रा में हजारों श्रद्धालु ध्वज हाथों में लेकर बैंड-बाजे की धुन पर बज रहे माता रानी के भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर नाचते-गाते पैदल मंदिर पहुंचे, जिसके बाद मंदिर में ध्वज की स्थापना की गई तथा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर 7 दिवसीय मेले का शुभारंभ किया गया। मंदिर समिति के महामंत्री अनिरुद्ध शारदा ने बताया कि यह मंदिर महाभारत कालीन होने के साथ-साथ विश्व विख्यात है। विभिन्न शहरों से श्रद्धालु यहाँ आकर सप्तमी, अष्टमी व नवमी के दिन प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगते हैं। ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से अनिरुद्ध शारदा, नवनीत शारदा, रुचिन शारदा, अरुण शर्मा, मा. चन्द्रपाल सिंह, विकास कौशिक, नितिन शर्मा, मोनू ठाकुर, सुशील शर्मा, प्रवीण कौशिक, विभौर डागा, मुकेश शारदा, नीरज शारदा, आयुष शर्मा, शोभित डागा, राकेश आढ़ती, मंजू शारदा, सरिता, प्रियंका शर्मा, निरुपमा शर्मा, करन ठाकुर, आदि शामिल रहे।

फोटो बुलेटिन
श्री शीतला माता के वार्षिक उत्सव पर कस्बे से ध्वज यात्रा निकालते माता के भक्त एवं मंदिर कमेटी पदाधिकारी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मेले में जा रहा रेहड़ा चालक घायल

मीरापुर, 12 मार्च (बु.)। खतौली निवासी विपिन पुत्र विनोद अलग अलग स्थानों पर आयोजित होने वाले धार्मिक और मनोरंजक मेलों में सामान बेचने का कार्य करता है, रविवार की दोपहर विपिन अपने रेहड़े में मीरापुर के श्री शीतला माता बबरे वाली के मेले में दुकान लगाने के लिए जा रहा था, जैसे ही यह मीरापुर बिजलीघर के सामने पहुँचा तभी विपरीत दिशा से आये एक वाहन ने इसके रेहड़े में टक्कर मार दी। इस हादसे में विपिन वाहन की टक्कर लगने पर दूर जाकर गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसका रेहड़ा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जानसठ सीएचसी भिजवाया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को मंत्री कपिल देव ने किया सम्मानित

फोटो बुलेटिन
रक्तदान शिविर में रक्तदाता युवक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मंत्री कपिल देव।

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ रहे।

इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रक्तदाताओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया और समस्त क्षेत्रवासियों को रक्तदान अधिक से अधिक करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम मिशन वंदे मातरम दा ट्रस्ट के तत्वावधान में एसडी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के डॉक्टरों की टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख रुप से सतीश कुमार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, ललित अग्रवाल, संजय गर्ग, प्रेमी छाबड़ा, हंसराज शर्मा, शोभित वशिष्ठ, पवन धीमान, अजय चौहान साहित क्षेत्रवासी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

साप्ताहिक बंदी को लेकर डीएम से की शिकायत

बुढ़ाना, 12 मार्च (बु.)। कस्बे में साप्ताहिक बंदी को पूर्ण रूप से लागू कराने की मांग को लेकर कुछ दुकानदारों ने जिलाधिकारी को डीएम वार रुम में शिकायत भेजी। मुदस्सिर, शहबाज, ओमकार, मौहम्मद अफरीदी, अमित, विनय और सचिन इत्यादि दुकानदारों ने बताया कि कस्बे में साप्ताहिक बन्दी सोमवार के दिन रहती है, लेकिन व्यापारी बन्दी वाले दिन भी अपनी दुकानों को खोल लेते हैं और जो व्यापारी इस दिन अपनी दकानें बन्द रखते हैं वे व्यापारी भी एक दूसरे को देखकर दुकानें खोलते हैं और दुकान पर काम करने वाले अगर जरूरी काम से कहीं चले भी जाते हैं तो उनकी छुट्टी कटती है। पिछले वर्ष भी बाजार में ऐलान हुआ था कि जो व्यापारी बन्दी के दिन दुकान खोलेगा वो खुद जिम्मेदार होगा। इसके बाद अधिकारी आये थे तो कुछ व्यापारियों ने दुकानें बंद की थी, लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद व्यापारियों ने दुकानें खोल ली थी। पिछले महीने जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक बन्दी कुछ जगह बाजार में छुट्टी के दिन में परिवर्तन करके लागू किया गया था, लेकिन उनके आदेश का पालन नहीं हो रहा है। मांग की गई कि सोमवार के दिन बन्दी को पूर्ण रूप से लागू कराएं।

रोमांचक मुकाबले में पत्रकारिता जनसंचार विभाग की टीम जीती

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के दूसरे दिन पहला मुकाबला वाणिज्य विभाग के एम.काम की टीम तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की टीम के बीच खेला गया, जिसमें बेहद रोमांचक मैच में पत्रकारिता विभाग की टीम ने एम.काम को हराते हुए प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

श्रीराम कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत आज दूसरा मैच बीकाम और पालिटैक्निक विभाग की क्रिकेट टीम के बीच खेला गया, जिसमें बी कॉम टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 114 रन का लक्ष्य पॉलीटेक्निक को दिया। पॉलीटेक्निक टीम 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 56 रन पर ही ढेर हो गई, जिसमें बीकॉम की टीम ने जीत दर्ज की।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि आज के क्रिकेट मैच में सभी क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयी टीमों के खिलाड़ियों को उनके उम्दा प्रदर्शन करने पर बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता अमरदीप, डा. अब्दुल अजीज खान, भूपेंद्र, संदीप कुमार, प्रशान्त, तरूण तथा विश्वदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

क्राउन स्कालर्स फेस्टिवल आज कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी

❑ फैशन मॉडल रिया अहलूवालिया क्राउन कांवेंट स्कूल बुढ़ाना में बच्चों को देगी स्वास्थ्य संबंधी टिप्स

बुढ़ाना, 12 मार्च (बु.)। कस्बे के कांधला रोड पर स्थित गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में क्राउन कांवेंट स्कूल में सोमवार (आज) सुबह 10 बजे क्राउन स्कॉलर्स फेस्टिवल का आयोजन होगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस फेस्टिवल में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भोजन का स्वाद, कठपुतली शो और नुक्कड़ नाटक सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किये जायेंगे।

इसके अलावा यहां पर पुरुस्कार समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर यहां पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। स्कूल प्रिंसीपल की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस कार्यक्रम में मुंबई से फैशन मॉडल रिया अहलूवालिया के अलावा स्टार मॉडलिंग एंड एक्टिंग एजेंसी के डायरेक्टर गोविंद सोलंकी व प्रोड्यूसर रजा मिर्जा भी भाग लेंगे। इसके लिए स्कूल मैनेजमेंट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दूसरी ओर क्राउन कांवेंट स्कूल के प्रधानाचार्य अमन अग्रवाल के मुताबिक क्राउन कांवेंट स्कूल बुढ़ाना बच्चों को खेलकूद के साथ साथ सस्ते में अच्छी शिक्षा भी प्रदान करा रहा है।

लायंस क्लब 'लोटस' की इंडक्शन सेरिमनी संपन्न

फोटो बुलेटिन
लायंस क्लब लोटस की सेरेमनी में उपस्थित अतिथिगण, पदाधिकारी को सम्मानित करते हुए तथा संचालन करती महिला सदस्या।

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। स्थानीय मेरठ रोड स्थित होटल सॉलिटेयर इन के सभागार में लायंस क्लब लोटस की अधिकारी की यात्रा एवं इंडक्शन सेरिमनी धूमधाम से संपन्न हुई। मुख्य अतिथि डिप्टी गवर्नर पीएमजेएफ रजनीश गोयल, मुख्य वक्ता एरिया लीडर विनय मित्तल रहे।

इंडक्शन ऑफिसर पीएमजेएफ पंकज बिजलवान फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर पीएमजेएफ अशोक कुमार मित्तल सेकंड वाइफ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पीएमजेएफ लियो डॉक्टर गौरव गर्ग तथा डिस्ट्रिक्ट पीआरओ पीएमजेजएफ विनय सिसोदिया रहे। मास्टर ऑफ सेरेमनी की भूमिका कमल गोयल तथा एड हरप्रीत टीना बेदी ने बहुत शानदार ढंग से निभाई।

क्लब रतन पीएमजेएफ मुकेश अरोड़ा व एमजेएफ लावण्या पुरी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। क्लब अध्यक्षा डॉ. अनुराधा वर्मा ने अपने संबोधन में लायनिज्म के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। भविष्य में क्लब के द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्य एवं गतिविधियों पर भी अपनी राय रखी। क्लब सचिव अंकिता महंत ने अभी तक के क्लब के द्वारा किए गए सेवा कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। समस्त पीएसटी तथा वाइस प्रेसिडेंट प्रथम डॉ. विवेक कुमार को गवर्नर द्वारा लेवल पिन लगाकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब सहारनपुर मयूर, लायंस क्लब हापुड़, मुजफ्फरनगर जनपद से लायंस क्लब सेंट्रल, लायंस क्लब चेतना, लायंस क्लब दिव्य, लायंस क्लब लक्ष्मी एवं लायंस क्लब उन्नति से आए हुए पीएसटी तथा दायित्वधारी उपस्थित थे। डिस्ट्रिक्ट फाइनेंस ऑफिसर अजय अग्रवाल, गाइडिंग रीजनल क्वेस्ट चेयरपर्सन रीना अग्रवाल, गिरीश, रामचरण चावला हरिद्वार, गोपाल नारंग ऋषिकेश, रीजन चेयरपर्सन आशीष मित्तल हापुड़, जॉन चेयरपर्सन नीलकमल पुरी, आशुतोष स्वरूप, जगरोशन गोयल, भाजपा लघु उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक कुशपुरी एवं श्रीराम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. प्रेरणा मित्तल सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में धनप्रीत चन्नी बेदी, विनोद गुप्ता एड., विनोद गुप्ता, हरीश उतरेजा, भारत कक्कड़, सिकंदर लाल, अरुण कुमार, डॉ. एके विरमानी, शुभम बंसल, डॉ. पराग कंबोज, डॉ. पीके कंबोज, मधुरानी, ममता वर्मा, योगेंद्र कंबोज, शैलेंद्र सिंह, सुनील जुनेजा, तनु कपूर, प्रिया सिंह, निहारिका, नेहा कक्कड़, संध्या गर्ग, मिनी मुकेश अरोरा, नीरज पुरी, मुस्कान धमीजा आदि उपस्थित रहे। वाइस प्रेसिडेंट प्रथम डॉ. विवेक कुमार ने और अध्यक्षा डॉ. अनुराधा वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में 200 रोगियों का परीक्षण

▶▶ नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित, फ्री मिली दवाई

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस लाल गोयल एवं स्वर्गीय विमलावती देवी के सम्मान में आँखों के निःशुल्क विराट कैंप का आयोजन किया गया। आज प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको निःशुल्क दवाई वितरित की गयी और मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरदान नेत्र सेवा संस्थान गाजियाबाद के सचिव विजय शंकर, एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चंद गोयल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इससे पूर्व स्कूल प्रांगण में स्थित स्वर्गीय हरबंस लाल गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर विद्यालय प्रांगण में वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान जनपद गाजियाबाद के सहयोग से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नेत्र रोगियों को आधुनिक आईओएल विधि से लेंस लगाकर ऑपरेशन कराने की सुविधा के साथ ही शिविर में आंखों की जांच, दवाई, ऑपरेशन, आना-जाना, रहना और खाना निःशुल्क प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। रविवार को इस शिविर में 200 नेत्र रोगियों का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उचित परामर्श और दवाईयों का वितरण किया गया, इनमें से मोतियाबिन्द पाये जाने पर 41 रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। शिविर में वरदान सेवा संस्थान की टीम से डा. के-के उपाध्याय, डा. एसके शर्मा, डा. एसके सिंघल, टैक्नीशियन मणि प्रकाश और टीम कोर्डिनेटर एसके गौड एडवोकेट आदि का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिसर में आगामी निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 09 अप्रैल 2023 को प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा। शिविर में मुख्य रूप से एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चंद्र गोयल, वरदान नेत्र सेवा संस्थान गाजियाबाद के सचिव विजय शंकर, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य विनीत सिंघल, सीए अजय अग्रवाल मौजूद रहे। शिविर के आयोजन में स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा। शिविर में आये रोगियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी थी।

फोटो बुलेटिन
एम.जी. पब्लिक स्कूल में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में मौजूद सतीश चंद गोयल व अन्य अतिथि एवं शिक्षिकाएं।

घटना की फिराक में घूमते संदिग्ध को तमंचे सहित दबोचा

मीरापुर, 12 मार्च (बु.)। थाना मीरापुर के प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र में की जा रही चैकिंग के दौरान गांव

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

साऊथ की सियासत में मोदी

साऊथ की अपनी सियासत है, साऊथ में मोदी को पसन्द करने वाली जनता तो है, लेकिन संसदीय सीटों पर भाजपा के सांसदों की जगह अपने राज्यों की पार्टियों के संसदीय उम्मीदवारों को अहमीयत देने वाले ज्यादा हैं। साऊथ में मोदी 2024 के आम चुनाव में विकास के नाम पर वोट मांगेंगे देखना यह है कि वहाँ की जनता भाजपा को कितना वोट देती है। कर्नाटक में भाजपा की पकड़ है तमिलनाडु और तेलंगाना में भाजपा को मेहनत करनी है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से दो महीने पहले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी कल एक बार फिर राज्य के दौरे पर मांड्या और हुबली-धारवाड़ पहुंचे। पिछले दो महीने से भी कम समय में मोदी राज्य में छठी बार आए हैं। प्रधानमन्त्री ने सबसे पहले कांग्रेस-जेडीएस के गढ़ मंड्या में रोड शो किया और फिर एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे हुबली-धारवाड़ पहुंचे और आइआईटी धारवाड़ का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने इशारों-इशारों में राहुल गांधी पर निशाना साधा। प्रधानमन्त्री ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए। भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उनके साथी मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रहे हैं, लेकिन मोदी एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त है। मोदी गरीबों का जीवन आसान बनाने में व्यस्त है। कांग्रेस को पता ही नहीं है कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। हुबली धारवाड़ में भी पीएम ने कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। मांड्या में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री आईआईटी धारवाड़ का उद्घाटन करने पहुंचे, जिसे 850 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ही ने इस संस्थान की आधारशिला रखी थी। प्रधानमन्त्री मोदी ने श्री सिद्धारूढ़ स्वामी जी हुबली स्टेशन पर दुनिया का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफॉर्म देश को समर्पित किया। इस प्लेटफॉर्म को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने मान्यता दी है। प्लेटफॉर्म की लंबाई 1,507 मीटर यानी करीब डेढ़ किलोमीटर है। इसके अलावा पीएम ने होसापेट रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इस स्टेशन को हम्पी के स्मारकों की तर्ज पर डेवलप किया गया है। प्रधानमन्त्री ने अपने इस दौरे में राज्य में 16 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी।इसके अलावा उन्होंने बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित किया। यह एक्सप्रेस-वे बेंगलुरु-निदाघट्टा-मैसूर को जोड़ेगा। 118 किमी लंबा यह एक्सप्रेस-वे लगभग 8,480 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। इसके बनने से तीन घंटे का सफर करीब 75 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे पर 8 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर, नौ बड़े पुल, 42 छोटे पुल, 64 अंडरपास, 11 ओवरपास, चार रोड-ओवर-ब्रिज और पांच बाईपास बनाए गए हैं। 118 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट को लगभग 8,480 करोड़ रुपए से डेवलप किया गया है। इससे बेंगलुरु और मैसूरु के बीच ट्रैवल टाइम 3 घंटे से घटकर लगभग 75 मिनट हो जाएगा। इसके अलावा पीएम ने मैसूरु-कुशालनगर 4-लेन राजमार्ग की आधारशिला भी रखी। 92 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट को करीब 4130 करोड़ रुपए में डेवलप किया जाएगा। इससे बेंगलुरु के साथ कुशलनगर की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। ट्रैवल टाइम भी 5 से घटकर केवल 2.5 घंटे हो जाएगा। सड़कों का जाल भी विकास की तस्वीर पेश करता है, मोदी मुखालिफ भी हर तरफ बन रही बेहतरीन सड़कों को देखकर खुश होते हैं यह अलग बात है कि उन्हें मोदी की मुखालफत करनी है। एक तरफ साऊथ के नेता सरकार पर ईडी के दुरूपयोग के आरोप लगा रहे हैं, दूसरी तरफ प्रधानमन्त्री देश के विकास को दृष्टिगत रखकर अपना काम कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब नीति मामले में तेलंगाना के मुख्यमन्त्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस एमएलसी के कविता से चल रही पूछताछ के बीच पोस्टर के माध्यम से भाजपा पर हमला किया गया है। अन्य वाशिंग पाउडर ब्रांड वाले पोस्टर भी शहर में लगे हुए हैं, जिनमें भाजपा नेताओं की तस्वीर है, जो दिखाते हैं कि अन्य दलों से पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को किसी भी एजेंसी के छापे का सामना नहीं करना पड़ रहा है, जबकि उनके नाम बड़े घोटालों से जुड़े थे। कविता से ईडी ने शनिवार को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की थी और उन्हें 16 मार्च को फिर तलब किया गया है। कविता को कथित घोटाले के साउथ कार्टेल के एक प्रमुख सदस्य के रूप में दिल्ली आबकारी नीति मामले से जोड़ा गया है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए बुलाया था। बीआरएस ने पूरे हैदराबाद में पोस्टर लगाए हैं, जिनमें से एक में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को हिन्दू पौराणिक कथाओं के दस सिर वाले रावण के रूप में दिखाया गया है। पोस्टर में पीएम को ह्यलोकतंत्र का विध्वंसक और पाखण्ड का पितामहह्न भी बताया गया है। तेलंगाना की सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति ने हैदराबाद में केंद्रीय गृह मन्त्री अमित शाह के स्वागत को लेकर पोस्टर लगाया है, लेकिन इस बैनर में अमित शाह की तस्वीर नजर नहीं आ रही है। इसमें वाशिंग पाउडर निरमा गर्ल की फोटो लगी है। अमित शाह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 54 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पोस्टर में अन्य पार्टियों से भाजपा में शामिल हुए नेताओं के नाम पोस्टर में निरमा गर्ल के साथ भाजपा के उन नेताओं के नाम लिखे गए हैं, जो दूसरे दलों से पार्टी में शामिल हुए। पोस्टर में असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्व सरमा, नारायण राणे, सुवेंदु अधिकारी, ईश्वरप्पा, ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि के नाम निरमा गर्ल तस्वीर के साथ लिखे गए हैं। यह सभी नेता दूसरे दलों से भाजपा में शामिल हुए हैं। मोदी के विरोध में गैर भाजपाई दलों का यह प्रचार जनता पर क्या असर छोड़ता है यह चुनाव परिणाम बताएंगे।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"कपट" "कब्जा" "खबर" "नजर"

गिड़गिड़ाकर,या कपट से कर लिया कब्जा सुनील,
रोज ही सुनने में आती हैं यहां ऐसी खबर।
हिन्द की धरती पे हैं वो बोझ के जिनकी यहां,
देश के संसाधनों पर गिद्ध जैसी है नजर।

एक दर्जन ट्यूबवैलों से चोरों ने चुराया कीमती सामान

भोपा, 12 मार्च (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र में ट्यूबवैल पर चोरी का सिलसिला जारी है। पिछले कुछ माह में चोरों ने ट्यूबवैल पर चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। शनिवार की रात जंगल में लगभग एक दर्जन ट्यूबवैलों पर चोरी कर चोरों ने कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ित किसानों ने घटना पर रोष प्रकट करते हुए गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग की है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम कटिया निवासी किसान महेश कुमार, अमित, श्यामसिंह, कासमपुर खोला निवासी बालकराम, नरेश, यशपाल, ज्ञानसिंह, टिलवा आदि की ट्यूबवैलों से चोरों ने कीमती सामान चुरा लिया। रविवार की सुबह किसान जैसे ही अपने खेतों पर पहुंचे, तो ट्यूबवैल के कमरे के तालों को टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गये। चोरों ने उनकी ट्यूबवैल से केबल को काटकर कीमती सामान को चुरा लिया। किसानों ने बताया कि गांव में ट्यूबवैल पर लगातार चोरी की घटनाएं घट रही हैं। लगातार शिकायत के बावजूद चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हो पा रहा है, जिससे चोरों के हौंसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दस दिन पूर्व कटिया निवासी टीटू उर्फ योगेश कुमार की ट्यूबवैल पर भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना से किसानों को हजारों का नुकसान होने से किसानों में भारी रोष है। पीड़ित किसानों ने चोरी की घटना को शीघ्र खुलासे की मांग पुलिस से की है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में महिला मोर्चा की सभा का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बुस.)। आज आशीर्वाद बैंकट हॉल में पूर्व विधायक अशोक कंसल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड मुजफ्फरनगर के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड मुजफ्फरनगर में महिला मोर्चा की एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला महिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अलका शर्मा ने की तथा सभा का संचालन पूजा द्विवेदी ने किया। इस दौरान अलका शर्मा को पुनः उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान पूनम चौधरी जिला महामंत्री, रूपम शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष, नीरज गौतम जिला उपाध्यक्ष, पूजा द्विवेदी को जिला मीडिया प्रभारी तथा प्रतिभा तायल को जिला उपाध्यक्ष, कंचन बाटला को संगठन मंत्री, अंजू शर्मा जिला उपाध्यक्ष, अनिता चौधरी जिला उपाध्यक्ष, शालू चौधरी एवं प्रेमलता को जिला मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। इसके अलावा अंजू त्यागी को जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया।

शहीद जवान सहित अन्य मृतकों के घर पहुंचे जयंत चौधरी

कांधला, 12 मार्च (बु.)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गांव भारसी के शहीद जवान सहित विभिन्न हादसों में मृतकों के परिजनों के घर जाकर संवेदनाएं व्यक्त की। रविवार को कस्बा ऊन में निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने काफिले के साथ दिल्ली से राष्ट्रीय राजमार्ग 709बी से होते हुए कांधला पहुंचे, जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी राष्ट्रीय राजमार्ग से भारतीय आर्मी के शहीद जवान राजीव हवलदार के घर पहुंचकर परिजनों से सांत्वना व्यक्त की। तत्पश्चात जयंत चौधरी ने कस्बे के मौहल्ला रायजादगान में कैराना हादसे के दौरान तीन मृतक युवकों के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रालोद परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा है। इसके पश्चात रालोद सुप्रीमो गांव सुन्ना में मृतक विवेक मलिक व सागर मलिक के परिजनों से मिले और दोनों की हृदय विदारक मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट करते हुए संवेदनायें व्यक्त की। इस दौरान थानाभवन विधायक अशरफ अली, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, सतबीर पंवार, जिलाअध्यक्ष वाजिद अली, राजन जावला जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार सतबीर पवार नजमुल इस्लाम इकबाल मंसूरी राव अय्यूब ठेकेदार, इरफान तुर्की जावेद अख्तर हाजी महबूब सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएवी कॉलेज में द्वितीय चाक कविता सम्मान समारोह में कवियों को किया गया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बुस.)। डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज में आयोजित समारोह में कवयित्री सुनीता अबाबील को उनके कविता संग्रह पांच मर्दों वाली औरत के लिए सोहनवीर सिंह प्रजापति स्मृति चाक कविता सम्मान-2022 प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रख्यात लेखिका अनिता भारती ने कहा कि सुनीता अबाबील एक सजग और सचेत कवयित्री हैं। इस दौर में जबकि भाषा के सौन्दर्य की आड़ में यथार्थ से मुंह चुराने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, सुनीता अबाबील यथार्थ को प्रकट करती हैं।

उनकी कविताएं दलित स्त्री विमर्श खड़ा करती हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेन्द्र आहूजा ने कहा कि सुनीता अबाबील की कविताएं अपने समाज के तन्तुओं को खोलती हैं। अलक्षित बातें

उनकी कविताओं मे दर्ज होती हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कवि या लेखक के जीवन में एक रिक्तता बनी रहनी चाहिए। यह रिक्तता ही सृजन को एक नया आयाम देती है। इस अवसर पर हरिनारायण, डॉ. गोरखनाथ मस्ताना, संतोष पटेल, अरुण कुमार और सम्मानित कवयित्री सुनीता अबाबील ने भी अपने विचार व्यक्त किए। दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक रमेश प्रजापति रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित कौशिक ने किया। इस अवसर पर परमेन्द्र सिंह, प्रो. आर.एम. तिवारी, डॉ. प्रदीप जैन, नेमपाल प्रजापति, तरुण गोयल, मनु स्वामी, कमल त्यागी, योगेन्द्र सोम सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

पुलिस ने पांच चोर पकड़े, माल बरामद

जानसठ, 12 मार्च (बु.)। पुलिस ने फैक्ट्री में चोरी करने वाले पांच चोरों को पकड़ा। चोरों के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि आठ मार्च की रात्रि को गांव सलारपुर में मीरापुर रोड पर स्थित कस्बे के मोहल्ला सराय तुलसाराम निवासी शाहनजर पुत्र मोहम्मद नबी की नेशनल गोल्ड फैक्ट्री के पीछे की दीवार फांदकर चोरों ने फैक्ट्री के अंदर से लोहे की 14 प्लेट चोरी कर ली थी। फैक्ट्री मालिक ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पांच चोरों को सालारपुर के जंगल से पकड़ लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम मोंटी पुत्र महिपाल, हर्ष उर्फ मोनू पुत्र दिनेश, नितिन पुत्र रोहताश, प्रवीन पुत्र अनिल, सागर पुत्र राकेश उर्फ झूंगर निवासीगण सालारपुर बताए। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की गई 14 लोहे की प्लेट व दो चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने चोरों को जेल भेज दिया है।

बिकाऊ
30 बीघा ज़मीन
देहरादून हाईवे
(ग्राम शेरनगर)
सिर्फ़ प्रॉपर्टी डीलर संपर्क करें
बढ़िया कमीशन
999 000 47 19

28 को घोड़े-खच्चरों व गधों के साथ दिल्ली कूच का ऐलान

-प्रजापति समाज करेगा अपने सम्मान की खातिर बड़ा आंदोलन

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। श्रीयादे प्रजापति कल्याण समिति के प्रजापति छात्रावास में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा इकाई के तत्वावधान में प्रजापति होली मिलन एवं प्रजापति उत्थान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि दारा सिंह प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंवरपाल प्रजापति ठेकेदार और संचालन जिलाध्यक्ष मनीष पाल प्रजापति एडवोकेट ने किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भूले राम प्रजापति, बाबूराम प्रजापति, बबीता प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति ने कहा कि अब राष्ट्रीय प्रजापति समाज महासभा के तत्वावधान में अब प्रजापति कुम्हार अपनी राजनीतिक भागीदारी समेत विभिन्न मांगों को लेकर 28 मार्च को मेरठ से दिल्ली जंतर मंतर तक अपनी पहचान रहे घोड़े-खच्चरों व गधों के साथ अन्य वाहनों के साथ दिल्ली कूच करेंगे और 31 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर पर पैदल यात्रा कर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग की जाति जनगणना प्रजापति समाज समेत अन्य 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कराने और अनुसूचित जाति की भांति उसके समानुपात में प्रजापति जाति को भी राजनीतिक हिस्सेदारी एवं प्रशासनिक सेवा में भागीदारी देने और 27 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खाली सरकारी पदों पर बैकलॉग भर्ती कराने तथा समाज के सामाजिक, राजनीतिक अत्याचार-उत्पीड़न के लिए न्याय दिलाने को प्रजापति समाज 28 मार्च से मेरठ से दिल्ली के लिए पैदल मार्च करेगा, जिसमें प्रथम रात्रि विश्राम 28 मार्च मोदीनगर, 29 मार्च को गाजीपुर दिल्ली बोर्डर व 30 मार्च को दिल्ली जंतर मंतर और 31 मार्च को धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में सत्यवीर सिंह प्रजापति ने दावा किया कि प्रत्येक विधानसभा से करीब 25 कारों से ईको कार गाड़ी, ट्रैक्टर-ट्रॉली से करीब 1000 प्रजापति जनपद मुजफ्फरनगर से मेरठ पहुंचेंगे और वहां से दिल्ली की ओर जाएंगे।

अध्यक्ष मनीष प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, मांगे राम, सुशील, सुनील, संजय, भवन, सतेंद्र, संदीप, मदन, मनोज प्रजापति, नरेंद्र, सनोज, सुरेश, कृष्णपाल, सुभाष, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

व्यापारी स्वाभिमान यात्रा के स्वागत की तैयारी

खतौली, 12 मार्च (बु)। आगामी 14 मार्च को नगर में आने वाली व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने हेतु उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेताओं ने खतौली पहुंचकर स्वागत तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रान्तीय संगठन मंत्री व नगर अध्यक्ष राजेश के राजाराम मण्डी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित व्यापारियों की बैठक में व्यापार मण्डल के प्रदेशीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष अशोक कंसल पूर्व विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यापार मण्डल के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष पर आगामी 14 मार्च को व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का खतौली नगर में आगमन होना तय पाया गया है, जिसको लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि व्यापारी एकता की नगरी खतौली में स्वाभिमान यात्रा का भव्य स्वागत होगा। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के प्रान्तीय संगठन मंत्री दिनेश बंसल, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु कौशिक द्वारा व्यापारियों का एकजुट होकर स्वाभिमान यात्रा का भव्य स्वागत करने का आह्वान किया गया। इस दौरान अतिथि व्यापारी नेताओं द्वारा यात्रा के स्वागत हेतु नगर मण्डल द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा भी लिया। बैठक में राजेश जैन, अरविन्द वर्मा, भावेश गुप्ता, मदन छाबड़ा, रवि ग्रोवर, संजय जैन सर्राफ, देवेन्द्र गुप्ता, ऋषभ जैन, हंस कुमार, विपुल गोयल, सुनील, मुकेश तायल आदि व्यापारीगण मौजूद थे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बुस.)। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद मुजफ्फरनगर की जिला कार्यकारणी एवं ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्रियों की एक मासिक बैठक आवास विकास शाकुंतलम कॉलोनी में आयोजित की गई, जिसमें जनपद के समस्त समस्त ब्लॉकों से लेखाकार्यालय में लंबे समय से विचाराधीन बकाया एरियर भुगतान को कराने के लिए चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा जनपद में ग्रेच्युटी विकल्प-पत्र स्वीकृति की वर्तमान स्थिति पर जिला अध्यक्ष अरविंद मलिक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी फॉर्म स्वीकृति हेतु मंडल स्तर पर भेजें जा चुके हैं। संगठन द्वारा मंडल स्तर पर जल्द ही स्वीकृति हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान समय में चल रही पदोन्नति की प्रक्रिया पर जिला संरक्षक रविंद्र सीमली द्वारा विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला महामंत्री लोकेश वशिष्ठ, ओम दत्त, जय गिरी, कैलाश चंद अध्यक्ष चरथावल, पुष्पेंद्र चौधरी अध्यक्ष बघरा, मोहनलाल मंत्री खतौली, अमित कुमार अध्यक्ष पुरकाजी, गुलफाम अहमद, सोनू कुमार, विनेश कुमार, रूपक राणा, राजेश्वर, संजय शर्मा, नीशूतोष कुमार, अमित तोमर, अजय तोमर, कमल किशोर, वेदपाल, गौरव पंवार, क्षतिज नेगी, इम्तियाज अली, मंजू रानी, विदुषी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

अवैध निर्माण रुकवाया

जानसठ, 12 मार्च (बु.)। गांव खलवाड़ा के प्रधान पति प्रवेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में रजबाहे की सरकारी भूमि है, जिसके कुछ दूरी पर सरकारी नाली भी है। रजबाहे और नाली की सरकारी भूमि को हड़पकर गांव के ही ग्रामीण द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। मना करने पर झगड़ा करने पर आमादा हो गया। ग्राम प्रधान पति ने पुलिस को फोन किया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण रुकवाया।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र श्रीयांश जैन उर्फ शिवांश जैन मेरे कहने-सुनने में नहीं है, आवारा हो गया है और गलत संगत में उठता-बैठता है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने इससे अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा पुत्र श्रीयांश जैन उर्फ शिवांश जैन भविष्य में किसी भी लेन देन व कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मैं व मेरा परिवार इसके किसी भी आर्थिक लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा। इससे मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

अनिल कुमार जैन
पुत्र श्री रणधीर सिंह
निवासी : 394, कृष्णापुरी,
तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फर्म के वाणिज्य कर विभाग, मुजफ्फरनगर के द्वारा समय-समय पर जारी वर्ष 2010-2011 से 2017-2018 तक के पुराने अप्रचलित बिना प्रयोग में लाये 55 फार्म आयात घोषणा पत्र (फार्म 38) 55 फार्म सी एवं 15 फार्म डी कचहरी रोड से मीनाक्षी चौक के बीच दिनांक 10.03.2023 को कहीं गिर गये हैं, बहुत ढूंढ़ने पर भी नहीं मिल पा रहे हैं।
किसी अन्य व्यक्ति एवं फर्म द्वारा इनका प्रयोग अवैध होगा।

उमेश मशीनरी स्टोर
कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर
TIN :- 09472900157

गांधी कॉलोनी मैजिक डांस एकेडमी पर ध्यान योग शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बुस.)। गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका के सामने मेन रोड पर मैजिक डांस एकेडमी पर ध्यान योग शिविर लगाया गया। उक्त जानकारी एकेडमी के संस्थापक डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार योग साधक साधिका ध्यान योग शिविर में आए और शारीरिक-मानसिक, आध्यात्मिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। मैजिक डांस एकेडमी के संस्थापक डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा प्रशिक्षित श्यामक डाबर इंटरनेशनल डांस केंद्र मुंबई व योग प्रशिक्षक रमेश साई के विशेष प्रयासों से कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें निरंजन सिंह ने ध्यान योग के द्वारा मन को कैसे नियंत्रण किया जा सके कि संपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजू अरोरा, परमान आर्य, हेमलता, संजीव बालियान, आशुतोष बत्रा, कोमल, ममता चावला, रंजू ढींगरा, उषा अरोरा, राकेश अरोरा, मोहन अरोरा, अजय, भारती कपूर, अनीता, रमेश साई, निरंजन सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैजिक डांस एकेडमी संस्थापक डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा प्रशिक्षित श्यामक डाबर इंटरनेशनल डांस केंद्र मुंबई ने सभी का आभार व धन्यवाद दिया। श्रीराधा कृष्ण वेलफेयर ट्रस्ट रजिस्टर्ड दिव्यांगों को समर्पित संस्था के सचिव मोहन अरोरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

घटना में प्रयुक्त दो बाइक, तमंचा व 20 हजार की नगदी बरामद की

चरथावल, 12 मार्च (बु)। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी को दूधली-कान्हाहेड़ी मार्ग पर बाईक सवार अज्ञात तीन बदमाशों ने दिन-दहाड़े दिशा फाईनेंसकर्मी संदीप कुमार निवासी पावटी से चाकू मारकर 1 लाख 22 हजार रुपये से भरा हुआ बैंग उस समय लूट लिया था, जब वह अन्य साथी जगदीश के साथ दूधली से कैश लेकर बाईक द्वारा वापिस लौट रहा था। उन्होंने बताया कि इस लूट की घटना का अनावरण करते हुए कमल सिंह पुत्र मनवीर सिंह व रवि निवासी ग्राम दूधली को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूट के 32 हजार 400 रुपये बरामद किये थे। इस लूट में अक्षय उर्फ बलवंत पुत्र देवेन्द्र निवासी बिरालसी, बिट्टू उर्फ प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश निवासी बिरालसी फरार थे। इन्होंने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया था। निरीक्षक चन्दरसैन सिंह द्वारा आरोपित अक्षय उर्फ बलबन्त को पी.सी.आर. पर लाकर उसकी निशानदेही पर न्यामू मार्ग पर बन्द पड़े कोल्हू के निकट से घटना में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस, दो बाईक व लूट के 20000 रुपये बरामद किये गये हैं। उसके बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया।

आर्य समाज का बदलता स्वरूप खुशी की बात : कपिल देव

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। रविवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आर्य समाज शहर परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम यज्ञ- उपदेश एवं उनके आदर्शों को जीवन में अपनाएं जाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान आर्य समाज रोड स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे नगर विधायक व प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंच से बोलते हुए कहा कि विभिन्न विवादों में रहने वाले आर्य समाज का स्वरूप आज बदलता देख अत्यंत खुशी हुई है, निश्चित तौर पर आर्य समाज के पौराणिक महत्व आदिकाल से रहा है। इस दौरान मंत्रोच्चारण के साथ में पवित्र यज्ञ में आहुति दी। साथ ही भारी संख्या में आए लोगों ने दबधवा गुरुकुल से आई आचार्य सोनिया, डॉ. पंडित विरेंद्र रत्नम उप प्रधान आर्य समाज लखनऊ, सतीश सुमन, भूपेंद्र आर्य आदि के प्रवचनों को सुना। इस दौरान आर्य समाज की ओर से संपन्न दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल का आर्य समाज में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

पुरकाजी विस में बड़ेढ़ी, रोहाना में पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। केंद्र-प्रदेश सरकार के निर्देश पर भाजपा के नेताओं द्वारा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर सगोष्ठी आयोजित कर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे हैं। रविवार को बढ़ेड़ी ओर रोहाना शक्ति केन्द्र पर पूर्व विधायक प्रमोद उंटवाल मुख्यातिथि के रूप में पहुँचे ओर देश-प्रदेश की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से लोगों को समझाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी अपनी हर नीति, जनकल्याणकारी योजना, विकास कार्य हर घर तक पहुंचाने का काम कर रही है। पुरकाजी विधानसभा में पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल ने बड़ेढ़ी, रोहाना शक्ति केन्द्रों पर पहुंचकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की। उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे कर अमृतकाल में प्रवेश किया है। अमृतकाल के 25 वर्ष में हम सबको कर्तव्य की पराकाष्ठा करके दिखाना है।

उन्होंने कहा कि मेरी सरकार को देश के लोगों ने जब पहली बार सेवा का अवस

अखिलेश यादव बोले: पहले खुद के लोगों पर बुलडोजर चलाए भाजपा

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को ट्वीट कर भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि अवैध निर्माण व कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने से पहले भाजपा सरकार अपने सभी कार्यालयों, मंत्री, नेताओं व कार्यकताओं के घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों के वैध नक्शे व अनुमति की जांच कर उन पर बुलडोजर चलाए। दूसरों का घर-दुकान गिराने वाले भाजपाई पहले खुद पर इसे लागू करके दिखाएं। अखिलेश यादव शनिवार को गुजरात में थे जहां उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भाजपाई सरकारों ने गांधी जी के अहिंसा व सौहार्द के सिद्धांत की जगह हिंसा व नफरत के प्रतीक एनकाउंटर व बुलडोजर की मानसिकता को अपना लिया है।

बिजलीकर्मियों का 16 मार्च से 72 घंटे हड़ताल का ऐलान

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बिजलीकर्मियों ने 16 मार्च की रात से 72 घंटे के लिए हड़ताल का एलान कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजते हुए ऊर्जा निगमों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की शनिवार को हुई बैठक में बिजली कर्मियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तीन दिसंबर को ऊर्जा मंत्री की मौजूदगी में हुए समझौते का पालन नहीं होने पर विरोध जताया। इस दौरान तय किया गया कि यदि 16 मार्च तक मांगे पूरी नहीं हुई तो उसी रात 10 बजे से सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, संविदा कर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर चले जाएंगे। ऐसे में किसी भी परिस्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन का होगा। इससे पहले 14 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 15 मार्च को सुबह 10 बजे से कार्य बहिष्कार रहेगा।

टास्क फोर्स की जांच में परिषदीय स्कूलों से गायब मिले 16,706 शिक्षक

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच के लिए टास्क फोर्स द्वारा किए गए निरीक्षण में बीते तीन महीने में 16,706 शिक्षक गायब मिले। प्रत्येक जिले में जिला टास्क फोर्स, ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स व बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा अलग से गठित टास्क फोर्स के निरीक्षण में यह सच्चाई सामने आई है। दिसंबर 2022, जनवरी व फरवरी 2023 में अलग-अलग टास्क फोर्स द्वारा किए गए निरीक्षण में यह शिक्षक स्कूलों से गायब मिले। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से इन अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का उत्तरादायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सभी जिलों में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

चार हजार स्कूलों को अपग्रेड करने की तैयारी

लखनऊ, 12 मार्च (एजेंसी)। सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों को अपग्रेड करने जा रही हैं। इसके तहत परिषदीय विद्यालयों को अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों के रूप में विकसित करने की तैयारी हैं। अगले 3 साल में 4 हजार से ज्यादा 4000 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों बनाने का लक्ष्य हैं। पहले फेज में इस साल के बजट में दिए गए एक हजार करोड़ रुपए से 700 स्कूलों में बड़ा बदलाव लाया जाएगा। इसके तहत हर स्कूल को 1.42 करोड़ की लागत से अपग्रेड किया जाएगा। प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के इन स्कूलों को अपग्रेड कर योगी सरकार न सिर्फ हर छात्र तक उत्तम शिक्षा पहुंचाने का प्रयास कर रही है, बल्कि उन्हें विद्यालय में वे सभी सुविधाएं भी मुहैया कराकर कौशल विकास कर उसके बेहतर भविष्य बनाने का दावा कर रही हैं।

फोटो लगाकर ठग व्हाट्सएप पर मांग रहे रुपए

बुढ़ाना, 12 मार्च (बु.)। क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना निवासी तसलीम सिद्दीकी पुत्र हाजी कफील का नये नंबर से उनका फोटो लगाकर उनके ही परिचितों से रविवार की देर शाम किसी अज्ञात ठग द्वारा रुपये मांगे जा रहे हैं। तसलीम ने बताया कि आज अज्ञात ठग द्वारा व्हाट्सएप डीपी पर मेरी फोटो लगाकर मेरे सभी परिचितों से पैसे मांगे गए। हालांकि इसमें मोबाइल नंबर मेरे नहीं हैं। कुछ दिन पहले ही समाजसेवी गुलफाम खान और एक लेखपाल से भी ठगी करने वाले लोग व्हाट्सएप पर उनकी डीपी लगाकर फ्रेंड लिस्ट से जुड़े मोबाइल नंबरों पर मैसेज भेजकर रुपए मांग चुके हैं। जब परिचितों के फोन आए तब उन सभी को पता चला कि उनका व्हाट्सएप ही अज्ञात ठगों द्वारा हैक कर लिया गया है। सभी परिचितों को अत्यधिक आवश्यकता बताते हुए मैसेज भेजकर किसी से 10 हजार रुपए तो किसी से 5 हजार रुपये की मांग की गई। तसलीम सिद्दीकी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने अपने परिचितों से किसी को भी रुपये ना देने की अपील की है।

वाहन चोर दबोचा

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। मंसूरपुर पुलिस ने कथित मुठभेड़ में एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक के अलावा तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंसूरपुर पुलिस ने पुरबालियान के पास बाइक सवार संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया, तो वह पुलिस पर गोली चलाकर भागने लगा। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शाहपुर के गांव बसी निवासी योगेश है। उसके पास से बरामद बाइक नई मंडी क्षेत्र से चोरी की गई थी।

रात भर चली पुलिस कार्रवाई में सोने चांदी के सिक्के बरामद

- कई लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने थाने बुलाया
- पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम करेगी आगे की पड़ताल
- सोने चांदी के सिक्कों की आपस में बंदरबांट करने की चर्चा

शामली, 12 मार्च (बु.)। थानाभवन में खुदाई के समय सोने चांदी के प्राचीन सिक्के मिलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूछताछ के लिए रातभर कई लोगों को हिरासत में लिया एवं उनके कब्जे से सोने के चांदी के कुछ सिक्के बरामद कर लिए हैं, वहीं अब पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को भी मामले की सूचना दी गई है जल्द ही अधिकारियों की एक टीम जगह पर पहुंचकर छानबीन करेगी। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना है।

थानाभवन दिल्ली सहारनपुर हाईवे मार्ग पर थानाभवन से जलालाबाद की ओर आम के बाग को काटकर कॉलोनी काटी गई थी। जिसमें कस्बे के ही मशकूर नाम के एक व्यक्ति का प्लाट है, जिसमें निर्माण कार्य के लिए नींव की खुदाई का कार्य चल रहा था। जिसमें कस्बे का ही अकमल पुत्र अख्तर मजदूरी का कार्य कर रहा था। खुदाई करते समय अकमल को नींव में से कुछ सोने एवं चांदी के सिक्के मिले थे, जिन्हें अकमल अपने साथ ले गया था, जिनमें से कुछ सिक्के अकमल की माँ ने कस्बे के ही चौक बाजार में अनूप तायल ज्वैलर्स के यहां बेच दिए थे, जिनसे मिले पैसे से उसने अपने परिवार एवं रिश्तेदारों की दावत भी की थी। इस बात की चर्चा लोगों में फैल गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार की रात्रि अनूप तायल, अकमल एवं प्लाट मालिक सहित कई अन्य लोगों व कस्बे के कई ज्वैलर्स को थाने बुलाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस ने 24 सफेद धातु एवं आठ पीली धातु के सिक्के बरामद कर लिए हैं। फिलहाल सभी लोगों को पुलिस ने छोड़ दिया है, लेकिन इस मामले में उच्चाधिकारी भी गहनता से जांच पड़ताल करने में लगे हैं। वहीं पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है।

जानकारी के अनुसार जल्द ही एक पूरी टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करेगी। पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा आगे की रिपोर्ट के आधार पर ही कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल सोशल मीडिया पर फैली चर्चा के बाद पुलिस द्वारा सोने चांदी के सिक्के बरामद होने के बाद लोगों में चर्चा है कि उक्त जगह से इससे कहीं ज्यादा सोने चांदी का माल बरामद हुआ है, जिसे कई लोगों ने आपस में बंदरबांट कर लिया है। कई लोगों ने इसमें से कुछ माल को खरीदा है। बाकी कड़ाई से पूछताछ एवं गहनता के साथ जांच पड़ताल से पूरे मामले की सच्चाई उजागर हो सकती है। फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। थानाभवन पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच चल रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, उच्चाधिकारियों को भी जानकारी दे दी गई है। उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेटे की चाह में तांत्रिक के चक्कर में फंसी महिला व पुत्री गंग नहर में डूबी

मेरठ। अपने मायके में पूजा पाठ के बाद पूठ गंग नहर के पुल पर राख सिलाने गई एक महिला अपनी दो साल की बच्ची संग पैर फिसलने से गंग नहर में जा गिरी। जिसमें गोताखोरों की मदद से बच्ची के शव को बरामद कर लिया गया है। वही महिला की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव किठौली थाना जानी जिला मेरठ निवासी आशीष कुमार की शादी 10 वर्ष पूर्व गांव जोहड़ी थाना बिनोली जिला बागपत निवासी ज्योति के साथ हुई थी। बताया कि ज्योति को तीन बेटियां हैं, कोई बेटा नहीं है। पति पत्नी शनिवार को अपनी एक 2 वर्षीय बेटी भव्या के साथ अपनी ससुराल जोहड़ी में गए थे। बताया कि रात में जोहड़ी में किसी पुजारी से हवन पूजन पाठ कराया गया। सुबह को पति पत्नी बच्ची को साथ लेकर कार में सवार हो 5:00 बजे पुठ गंग नहर पुल पर पहुंचे। पति आशीष कुमार कार में बैठा रहा पत्नी भव्या को गोद मे लेकर पूजा पाठ की राख सिलाने के लिए गंग नहर किनारे पाल पर पहुंच जैसे ही ज्योति बेटी के हाथ से गंग नहर में पूजा पाठ की राख सिला रही थी। उसी बीच पैर फिसलने से ज्योति गोद मे ले रही बेटी भव्या के साथ गंग नहर में जा गिरी। जैसे ही उसके चिल्लाने की आवाज आई तो पति ने उन्हें बचाने के लिए शोर मचाया। लेकिन मोके पर कोई नहीं मिला। बाद में इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। थाना पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर दोनों की तलाश में अभियान चलाया जिसमें भव्या का शव बरामद हो गया है। ज्योति की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। तलाशी अभियान जारी है।

भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष- रेसलर्स विवाद में पहलवान सबूत नहीं दे सके

पानीपत, 12 मार्च (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती संघ और रेसलर्स के बीच विवाद को 55 दिन बीत चुके हैं। इस विवाद की जांच के लिए बनी ओवरसाइट कमेटी की टाइमलाइन 8 मार्च को पूरी हो चुकी है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कमेटी सोमवार को अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाने वाले रेसलर्स कमेटी को इसके सबूत नहीं दे पाए हैं। 18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद हत्क्क के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा।

भाजपा को दिलाया याद, अब करो हिन्दू राष्ट्र निर्माण

- जन आक्रोश रैली के बूते किया सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता
- भाजपा को चुनावी वायदे याद कराते हुए आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। हिन्दू राष्ट्र निर्माण की मांग को लेकर रविवार को क्रान्ति सेना के कार्यकर्ता जन आक्रोश रैली के बूते सड़कों पर उतरे तो नगरीय क्षेत्र में व्यवस्था बेपटरी हो गई। इस दौरान हजारों कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन के जरिए जनपद मुख्यालय पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का मुद्दा उठाया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से क्रांति सेना के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई जन आक्रोश रैली जुलूस के रूप में महावीर चौक, प्रकाश चौक और कोर्ट रोड होते हुए नगर के व्यस्ततम बाजार झांसी की रानी से शिवचौक पहुंची, जहां क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने काफी देर तक नारेबाजी करते हुए देश और प्रदेश की सरकारों को अपने जनता से किए वायदों को पूर्ण कराने की मांग की। शिवचौक पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद जन आक्रोश रैली फिर वापिस राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुई।

जन आक्रोश रैली में क्रान्ति सेना के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व भाजपा जब विपक्ष में हुआ करती थी तो हिन्दुत्व के मुद्दों को जोर शोर से उठाती थी, लेकिन आज केन्द्र व प्रदेशों की सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने हिन्दुत्व का मुद्दा छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों की तरह मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सत्ता से पहले भाजपा के जो मुख्य मुद्दे थे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना, रोहिंग्या व बंग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर करना, जम्मू कश्मीर से विस्थापित दस लाख हिन्दुओं को पुर्नवास, जनसंख्या नियंत्रण कानून, अल्पसंख्यक आयोग व वक्फ बोर्ड जैसे तमाम आयोगों को समाप्त करना, हिन्दूवादी मुद्दों को भाजपा सत्ता में होने से पूर्व उठाती थी, लेकिन आज सत्ता के नशे में हिन्दुत्व के सभी मुद्दों को तिलांजलि दे चुकी है। क्रांति सेना अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, नौकरशाह इस सरकार में पूरी तरह बेलगाम घोडे की तरह हो चुके हैं। इस दौरान क्रान्ति सेना ने जन आक्रोश रैली के माध्यम से अपना एक आठ सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम सदर के माध्यम से सौंपा। क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने इस बीच सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हिन्दूत्व के मुद्दों पर क्रान्ति सेना चुप बैठने वाली नहीं है, आगे भी हिन्दुत्व के मुद्दों को लेकर बड़ा आन्दोलन करने की तैयारी जारी रखेंगी। इस दौरान मुख्य रूप से महासचिव मनोज सैनी, उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिरोही, मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मंडल महासचिव सुरेश बारी, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, सहारनपुर जिलाध्यक्ष नीरज रूहेला, शामली जिलाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज, नगर अध्यक्ष शरद कपूर, देवेन्द्र चौहान, सुशील राणा, सचिन जोगी कपूर, ठा. नरेंद्र, अवनीश चौहान, ओमकार पंडित, अनुज चौधरी, गौरव गर्ग, संजय आर्य, ब्रह्मपाल चौधरी, ब्रजपाल कश्यप, ललित रूहेला, जितेन्द्र गोस्वामी, मंगतराम, उज्जवल पंडित, विकास चौहान, राजेन्द्र तायल, अमित गुप्ता, राजकुमार धनगर, नरेन्द्र शर्मा, दीपक धीमान, हर्ष गुप्ता, आशीष मिश्रा, शक्ति सिंह, मोहनलाल, जोगेन्द्र सैनी, अजय सैनी, नरेश सैनी, शैंकी शर्मा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, अमित बोबी, सहेंद्र, जंगी, प्रभात, हर्षित, रोहित, शिवम पंडित, मिंटू पांचाल, लक्की शर्मा, प्रदीप, रूपराम, हेमंत, सचिन, प्रियांशु, आकाश जोगी, आदेश, सुखेश, मोहित, प्रदीप, निरंजन, विकास, राधेश्याम, शशी, राजू, राहुल, अनमोल आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उप मुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक के वेटलिफ्टिंग का वीडियो वायरल

मेरठ, 12 मार्च (एजेंसी)। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में महिलाओं की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 30 किलो का भार उठाया। वेटलिफ्टिंग करते समय जनप्रतिनिधियों-कार्यकताओं ने उनकी मदद करनी चाही, तो उन्होंने सबको मना कर दिया। कहा- मैं खुद इसे उठाऊंगा। डिप्टी सीएम ने जैसे ही वेटलिफ्टिंग की। वहां मौजूद लोगों ने जय बजरंग बली के जयकारे लगाए। इससे पहले डिप्टी उट ब्रजेश पाठक ने प्यारे लाल शर्मा जिला अस्पताल में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के पास जाकर बात की। पत्रकारों से वार्ता में बृजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडों की सरकार है। समाजवादी पार्टी किस सरकार में गुंडों को तवज्जो दी जाती थी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन गुंडों की सफाई कर प्रदेश को स्वस्थ कर रहे हैं।

ट्रक में निर्दयता से भरे 53 पशु पकड़े, 4 गिरफ्तार

पुलिस द्वारा पकड़े गए पशु व पुलिस हिरासत में पशु तस्कर आरोपी।

रामराज, 12 मार्च (बु.)। रामराज पुलिस ने देवल नहर पुल के निकट एक ट्रक में ठूस-ठूसकर बधरा से सन्त कबीरनगर ले जाई जा रही 53 पशु (कटिया) को बरामद कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

रामराज एसओ सुनील शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात्रि में एसआई राकेश सिंह कांस्टेबल ऐशवीर सिंह, गौरव कुमार व प्रवीण कसाना के साथ देवल गंगनहर पर चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मीरापुर की ओर से एक सन्दिग्ध ट्रक आ रहा है, जिसमे पशुओं को बेरहमीं से ऊपर-नीचे भरकर बधरा से सन्तकबीरनगर ले जाया जा रहा है, जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को आता देख उसे रुकने का इशारा किया। ट्रक चालक ने ट्रक को नहर पटरी की ओर भगाने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ लिया तथा ट्रक की गहनता से तलाशी ली, तो उसमे 53 पशु (कटिया) जो कि निर्दयतापूर्वक एक-दूसरे के ऊपर नीचे व ऊपर जाल बनाकर लटकी हुई बरामद हुई, जिस पर पुलिस ने ट्रक में सवार तितावी थानाक्षेत्र के सैदपुरा निवासी जीशान पुत्र मुस्तफा, बधरा निवासीगण सलमान पुत्र मुस्तफा व मोबिन पुत्र शानू तथा सन्तकबीरनगर जनपद के दुधारा थानाक्षेत्र के उसरा सहित निवासी अब्दुल अहद पुत्र अब्दुल वहीद को हिरासत में ले लिया तथा पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वें पशुओं को बधरा से सन्तकबीरनगर के बस्ती लेकर जा रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

होनहार तानिया सिंह ने बढाया जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेरिस (फ्रांस) में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न देशों की छात्राओं को ब्रिटेन के दूतावास में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर की छात्रा तानिया सिंह को भी सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्रांस में नियुक्त ब्रिटेन की उच्चायुक्त सुश्री मैना रालिंग्स ने पेरिस में कार्यरत विभिन्न देशों की छात्राओं को दूतावास में आमंत्रित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के पश्चात रात्रिभोज का आयोजन भी दूतावास में ही किया गया। ज्ञातव्य है कि इस कार्यक्रम में भारतीय मूल की जनपद मुजफ्फरनगर की निवासी होनहार छात्रा तान्या सिंह पुत्री स्व. मनोज कुमार को भी आमंत्रित किया गया था। तान्या सिंह पिछले करीब 3 वर्ष से फ्रांस में रह रही हैं। इन्होंने वहीं से डाटा साइंस में मास्टर डिग्री (एम.टैक) प्राप्त की है तथा फ्रांस में ही डाटा एनेलिस्ट के पद पर कार्य कर रही हैं। आपको बता दें कि तानिया सिंह की दादी जी श्रीमती राजवीरी देवी पश्चिम ज्योति समाचार पत्र की सम्पादक हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती अनिता सिंह एस.डी. कालेज ऑफ लॉ में प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं। तानिया सिंह के पिता मनोज कुमार का 8 वर्ष पूर्व निधन हो गया था। मनोज कुमार का सपना था कि उनकी सुपुत्री तानिया सिंह विदेश में जाकर मास्टर डिग्री लेकर आये। आज मनोज कुमार तो नहीं रहे, किन्तु उनकी पुत्री तानिया सिंह ने अपने पिता मनोज कुमार का यह सपना पूरा कर दिया।

बांबे हाईकोर्ट का फैसला : टायर फटने पर मौत का सवा करोड़ मुआवजा देने के आदेश

मुंबई, 12 मार्च (एजेंसी)। बांबे हाईकोर्ट ने हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिवार को मुआवजे के खिलाफ एक बीमा कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि टायर फटना ईश्वर का कार्य नहीं बल्कि मानवीय लापरवाही है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बीमा कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा की कार के टायर का फटना ईश्वरीय कृत्य नहीं कहा जा सकता है, यह मानवीय लापरवाही का मामला है। न्यायमूर्ति एसजी डिगे की एकल पीठ ने 17 फरवरी के अपने आदेश में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के 2016 के एक फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। इसमें पीड़ित मकरंद पटवर्धन के परिवार को 1.25 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। 25 अक्टूबर, 2010 को पटवर्धन (38) अपने दो सहयोगियों के साथ पुणे से मुंबई जा रहे थे। सहयोगी जो कार का मालिक था तेज और लापरवाही से ड्राइव कर रहा था तभी पिछला पहिया फट गया और कार गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में मकरंद पटवर्धन की मौके पर मौत हो गई। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा था कि पीड़ित अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला शख्स था। बीमा कंपनी ने अपनी अपील में कहा कि मुआवजे की राशि अत्यधिक और हद से अधिक थी। इसके साथ ही कंपनी ने कहा था कि टायर फटना ईश्वर का कार्य था न कि चालक की ओर से लापरवाही।

यूपी निकाय चुनाव के लिए नियमानुसार होगी आरक्षण प्रक्रिया: भूपेंद्र चौधरी

अयोध्या, 12 मार्च (एजेंसी)। भाजपा महिला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को रामायण होटल में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने विचारों के आधार पर सरकार के कार्य और उपलब्धियों को जनता के बीच में कैसे पहुंचाएं इस पर बैठक में चर्चा हुई।

महिला कार्यकर्ता भाजपा को विकास यात्रा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के छह वर्ष के कार्यकाल में अपराध में भारी गिरावट आई है। अपराधी और माफिया सरकार की प्राथमिकताओं में हैं। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। जो भविष्य में नजीर बनेगी। भाजपा संविधान में प्रदत्त आरक्षण की व्यवस्थाओं के साथ आगे बढ़ेगी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार और पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है बिना पिछड़े वर्ग के आरक्षण के चुनाव नहीं कराया जाएगा। न्यायालय ने हमें समय दिया है। आयोग की रिपोर्ट सरकार को पेश की जा चुकी है। आरक्षण की प्रक्रिया को नियमानुसार आगे बढ़ाया जाएगा। अधिसूचना के बाद हम लोग तैयारी के साथ चुनाव में जाएंगे। भाजपा की उपलब्धियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच जाएंगे। जनता से अपील करेंगे कि भाजपा के पक्ष में मतदान करें। जिससे नगर पंचायत व नगरपालिका और नगर निगम में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिले और नगरीय क्षेत्र की विकास यात्रा को भाजपा आगे बढ़ा सके। बैठक में काशी, कानपुर, अवध क्षेत्र, गोरखपुर, व ब्रज क्षेत्र की महिला पदाधिकारी शामिल रहीं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि हम अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं कि भाजपा महिला कार्यसमिति की बैठक रामनगरी अयोध्या में हो रही है। जिस नगरी में भगवान राम का मंदिर बन रहा है। उस नगरी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। चाहे नगर निकाय चुनाव हो या 2024 का लोकसभा चुनाव, महिला मोर्चा की पूरी तैयारी है। इसकी शुरूआत अयोध्या से हो रही है। देश-प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने व स्वावलंबी बनाने के लिए काम किया जा रहा है। प्रयागराज कांड पर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता की भूमिका पर उन्होंने कहा कि सरकार और प्रयागराज प्रशासन कार्रवाई कर रहा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं भाजपा सरकार पर पूर्ण रूप से विश्वास कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में यदि महिलाएं इतना मतदान न करतीं और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री न बनते तो धारा 370 न हटती। इसका पूरा श्रेय देश की महिलाओं को जाता है।

जनपद के लोगों के चिटफंड कंपनियों में फंसे हैं 250 करोड़

- अब अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में उठा मुद्दा
- 14 मार्च को डीएम से मिलेंगे पीड़ित, न्याय की गुहार

मुजफ्फरनगर, 12 मार्च (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की रविवार को नई मंडी में संपन्न बैठक में जनपद में सरकार द्वारा अनियमित वित्तीय कंपनियों यानि चिटफंड कंपनियों एवं उनके संचालकों के जाल में फंसे निवेशकों की राशि वापस लौटाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने का मुद्दा जोर शोर के साथ उठा। उक्त बैठक में ठगी जमाकर्ता उन्मूलन संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने व्यापार संगठन में विश्वास व्यक्त करते हुए इस मुद्दे को अधिकारियों के समक्ष उठाए जाने पर जोर दिया गया। बैठक में इन चिटफंड कंपनियों में निवेश किए गए करोंड़ों रुपयों को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक में दावा किया कि तमाम चिटफंड कंपनियों में जनपद के 80 हजार लोगों के करीब 250 करोड़ रुपये फंसे हुए है। बैठक में इस मुद्दे को लेकर जनपद में खिड़की खोले जाने की मांग की गई, जिसके लिए आगामी 14 मार्च को व्यापारी डीएम से इस मुद्दे पर मुलाकात करेंगे।

रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक नई मंडी स्थित बिंदल बाजार में संपन्न होंगी। उक्त बैठक में ठगी जमाकर्ता उन्मूलन संस्था अध्यक्ष सुशील गोयल, संरक्षक सतीश कुमार और मंत्री केतन कर्णवाल आदि ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल के सामने जिले के इन पीड़ित परिवारों से जुड़ी तमाम समस्याएं रखी। उन्होंने बताया कि जिले में पूर्व में विभिन्न चिटफंड कंपनियों ने जनता का पैसा अच्छी ब्याज दरों का लालच देकर एफडी, आरडी समेत कई अन्य योजनाओं के रूप में निवेश कराया गया था। सभी कंपनियों को सरकार से मान्यता प्राप्त थी, लेकिन बाद में इन कंपनियों को एकाएक बंद कर दिया गया और जनता की मेहनत का पैसा इन तमाम कंपनियों में फंस गया। ऐसे में जिले के करीब 70-80 हजार लोगों का पैसा चिटफंड कंपनियों में वर्तमान में भी फंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वर्ष 2019 में इन तमाम कंपनियों से प्रभावित लोगों की सहायता की खातिर एक विशेष कानून पास किया था, जिसमें इन निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए हर जिले में शिकायत खिड़की खोले जाने की बात कही थी। उनका कहना है कि वर्तमान में यूपी में कई जनपदों में यह शिकायत खिड़की खोली गई है, लेकिन अब तक इस दिशा में जनपद मुजफ्फरनगर में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद व्यापारी नेता संजय मित्तल ने बैठक में मौजूद रहे लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस संबंध में डीएम कार्यालय पर डीएम से जनपद में खिड़की खोले जाने के लिए मिलेंगे। बैठक में इस दौरान मुख्य रूप से जयपाल शर्मा, अंशुमान अग्रवाल, डॉ. पुनीत सिंघल, दिलीप आदि मौजूद रहे। बता